खबर संक्षेप

मैहर गौरव दिवस पर 3000 विद्यार्थी रचेंगे इतिहास, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स पर नजर

मैहर। आगामी 5 अक्टूबर को आयोजित होने वाले मैहर गौरव दिवस और क्वार नवरात्रि उत्सव को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मीडिया संवाद में इन आयोजनों की रूपरेखा साझा की। गौरव दिवस का मुख्य आकर्षण 3000 से अधिक स्कूली विद्यार्थियों द्वारा एक साथ 11मिनट की सामूहिक कथक नृत्य प्रस्तुति होगी। विशाल मैदान में आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम को 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर रोशन राय की मौजूदगी में विद्यार्थियों ने इसका पूर्वाभ्यास भी किया। इसके अलावा,क्वार नवरात्रि के 9 दिनों तक प्रतिदिन सांस्कृतिक,धार्मिक और मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस बार श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष 'QR कोड आधारित पड़ाव प्रतियोगिता' भी रखी गई है,जिसमें प्रतिभागी कोड स्कैन कर अगले पड़ाव का हिंट प्राप्त करेंगे और अंतिम बिंदु तक पहुंचेंगे।

अमरपाटन अस्पताल में मरीज की मौत पर भारी बवाल, डॉक्टर-गार्ड से मारपीट



मैहर। अमरपाटन सिविल अस्पताल में शनिवार तड़के इलाज के दौरान एक बुजुर्ग मरीज की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए ऑन-ड्यूटी डॉक्टर शैलेश सिंह और सुरक्षा गार्ड अरुण सिंह के साथ मारपीट की। गोरसरी निवासी 61 वर्षीय नारायण द्विवेदी को सांस लेने में तकलीफ के कारण रात करीब 2 बजे अस्पताल लाया गया था,जहाँ सुबह 5 बजे उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के परिजन केशव कुमार मिश्रा ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि डॉक्टर देखने नहीं आए और सुरक्षा गार्ड ही ऑक्सीजन लगाता रहा। दूसरी ओर,डॉ.शैलेश सिंह ने बताया कि मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए रेफर की सलाह दी गई थी,लेकिन परिजन बिना बताए मरीज को ऊपर वार्ड में ले गए। सुबह जब मरीज को मृत घोषित किया गया,तो 8-10 लोगों ने ड्यूटी रूम का दरवाजा तोड़कर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी साधना कठेल और तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी पुलिस बल के साथ पहुंचे। तहसीलदार ने बताया कि परिजनों के आरोपों और मारपीट की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

भरहुत नगर विवादः 40 साल की प्रशासनिक खामोशी का खामियाजा भुगत रहे व्यापारी

सतना। भरहुत नगर में आवासीय मकानों के व्यावसायिक उपयोग पर हाउसिंग बोर्ड की कार्रवाई ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है-यदि ये गतिविधियां नियम विरुद्ध थीं,तो प्रशासन चार दशकों तक चुप क्यों रहा? आज जिन दुकानों,क्लीनिकों और दफ्तरों को बंद करने के नोटिस थमाए जा रहे हैं,वे वर्षों से संचालित हैं। नगर निगम इनसे व्यावसायिक कर वसूलता रहा और लाइसेंस जारी करता रहा। ऐसे में अचानक शुरू हुई यह कार्रवाई प्रशासनिक कार्यप्रणाली की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है।

नियमों की आड़ और प्रशासनिक जवाबदेही

नियमों का पालन अनिवार्य है,लेकिन इसकी जिम्मेदारी केवल व्यापारियों पर नहीं मढ़ी जा सकती। जब वर्षों तक संबंधित विभागों ने टैक्स लिया और कारोबार चलने दिया,तो अचानक पूरी व्यवस्था को अवैध ठहरा देना न्यायसंगत नहीं है। छोटे व्यापारियों ने अपनी गाढ़ी कमाई से व्यवसाय खड़ा किया है। दुकान बंद होने का अर्थ सिर्फ एक शटर गिरना नहीं,बल्कि कई परिवारों की आजीविका,कर्मचारियों का रोजगार और ग्राहकों का भरोसा टूटना है। चार दशक पुरानी बस्ती के मामले में केवल नियमों की किताब थमाने के बजाय मानवीय और आर्थिक पहलुओं पर विचार करना बेहद जरूरी है।

विंध्य चैंबर का तीखा प्रहारः 'रेवड़ियों और वसूली का खेल'

इस पूरे विवाद पर विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया है। उनका कहना है कि सरकार को मुफ्त की योजनाएं (रेवड़ियां) चलाने के लिए धन की आवश्यकता है और इसीलिए ऐसे हथकंडे अपनाकर व्यापारियों को निशाना बनाया जा रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि पहले सुप्रीम कोर्ट के आदेश की आड़ लेकर लीज निरस्त की गई,फिर जनविरोध देख इसे स्थगित करने का नाटक हुआ और अब नियमिती करण (आवासीय से व्यावसायिक परिवर्तन) के नाम पर भारी-भरकम शुल्क वसूलने के लिए समितियां गठित कर दी गई हैं। सतना का व्यावसायिक ढांचा स्थानीय व्यापारियों की वर्षों की मेहनत का परिणाम है,जो सरकार को टैक्स देकर व्यवस्था चलाते आए हैं। इसके बावजूद उन्हें इस तरह प्रताड़ित करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

राजनीतिक बयानबाजी नहीं,स्थायी समाधान चाहिए

यह विवाद केवल कुछ नोटिसों या लीज निरस्तीकरण तक सीमित नहीं है,बल्कि यह चरमराती प्रशासनिक व्यवस्था का आईना है। जनप्रतिनिधियों को केवल नाराजगी जताने के बजाय प्रशासन और व्यापारियों के बीच मध्यस्थ बनकर स्थायी समाधान निकालना चाहिए। हाउसिंग बोर्ड और नगर निगम को टकराव छोड़कर यह तय करना चाहिए कि किन गतिविधियों को नियमों के तहत नियमित किया जा सकता है। व्यापारियों को कानून से छूट नहीं,बल्कि स्पष्ट नीति,पारदर्शिता और अपने कारोबार को वैध करने का उचित अवसर मिलना चाहिए।

NH-30 पर भीषण सड़क हादसाः गयाजी से लौट रहे दमोह के दो सगे भाइयों की मौत



मैहर। नेशनल हाईवे-30 पर शनिवार तड़के 3 बजे ग्राम पोड़ी के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में दमोह निवासी दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान सुधीर गंगेले (61),जो दमोह के एक शासकीय स्कूल में प्राचार्य थे,और उनके छोटे भाई डॉ.संजय गंगेले (59) के रूप में हुई है। डॉ.संजय गंगेले की पत्नी डॉ.श्रद्धा गंगेले दमोह की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। दोनों भाई बिहार के गयाजी से पितरों का पिंडदान और श्राद्ध कर्म संपन्न कर इनोवा कार से अपने गृह नगर दमोह लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस कंट्रोल रूम की टीम मौके पर पहुंची और घायल चालक राजा रैकवार (27) को एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल मैहर पहुंचाया,जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। चालक के अनुसार,रात में नींद की झपकी आने के कारण कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर परिजनों को सूचना दे दी है।

30 हजार के कर्ज विवाद में 65 वर्षीय वृद्ध की हत्या, पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

सतना।

सिविल लाइन थाना पुलिस ने 65वर्षीय रमाशंकर गर्ग की अंधेकत्ल का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सचिन रैकवार,नीरज रैकवार और अंकित रैकवार के रूप में हुई है।





30 हजार रुपए और 10% ब्याज बना विवाद का कारण

पुलिस जांच के अनुसार,अंकित रैकवार ने करीब दो साल पहले मृतक रमाशंकर से 30 हजार रुपए कर्ज लिया था,जिस पर 10प्रतिशत मासिक ब्याज लग रहा था। ब्याज न चुकाने पर रमाशंकर ने कोर्ट में मामला दर्ज कराया था। इसी रंजिश के चलते 15सितंबर की रात तीनों आरोपी रमाशंकर के घर पहुंचे और विवाद के बाद धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी।

बदबू आने पर हुआ घटना का खुलासा

18 सितंबर को रमाशंकर के नए मकान से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हुआ कि हत्या 14-15 सितंबर के बीच की गई थी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर तीनों को हिरासत में लिया,जिन्होंने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

आरोपियों से हथियार बरामद

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी,चाकू और लोटा बरामद कर लिया है। यह पूरी कार्रवाई एसपी हंसराज सिंह के निर्देशन,एएसपी गौरव पाण्डेय,सीएसपी मनीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी प्रीति विश्वकर्मा के नेतृत्व में अंजाम दी गई।

गाँधी जयंती पर अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी ने बच्चों एवं महिलाओं को बांटी उपयोगी सामग्री

मझगवां। गांधी जयंती के अवसर पर अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी द्वारा जीवन दया फाउंडेशन के सहयोग से विकासखंड मझगवां के 5 गाँवों (गुढ़वा,सेलहा आदिवासी बस्ती,अहारी टोला,एवं बोंबा बरहा) के आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 110 बच्चों और महिलाओं को उपयोगी सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक बच्चे को 26किग्रा चावल, 04 किग्रा अरहर दाल, कपड़े (टी-शर्ट, लोअर), बैग किट, सैंडल और सोलर लैंप दिए गए। इसके साथ ही 100 एनीमिया प्रभावित महिलाओं को एनीमिया किट प्रदान की गई। संस्था की सचिव डॉ.शैला तिवारी ने अभिभावकों को बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उन्हें नियमित आंगनवाड़ी भेजने हेतु प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा इन केंद्रों पर बच्चों को प्राथमिक शिक्षा के साथ पोषण सुधार हेतु प्रतिदिन 150 मिली. दूध और बिस्कुट भी दिए जाते हैं,जिससे आंगनवाड़ियों में बच्चों की उपस्थिति और स्वास्थ्य स्तर में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है।

दिनदहाड़े दुस्साहसः पेट्रोल पंप कर्मचारी से मारपीट कर 11,700 रुपये लूटे, आरोपी फरार

सिटी कोतवाली क्षेत्र के भटनवारा मोड़ की घटना

सतना।

शहर में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की एक वारदात को अंजाम देकर सनसनी फैला दी। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत भटनवारा मोड़ के पास तीन अज्ञात बाइक सवार युवकों ने एक पेट्रोल पंप कर्मचारी का रास्ता रोककर मारपीट की और उसकी जेब में रखे 11,700 रुपये छीनकर फरार हो गए।



खाना खाने जाते समय घेरा

जानकारी के अनुसार,पीड़ित अभिजीत सिंह बघेल (34 वर्ष) नायरा पेट्रोल पंप पर कार्यरत हैं। शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे वे पेट्रोल पंप से पास स्थित एक ढाबे पर खाना खाने जा रहे थे। जैसे ही वे भटनवारा मोड़ के पास पहुंचे,तभी बाइक सवार तीन युवकों ने अचानक उनकी मोटरसाइकिल के सामने अपनी गाड़ी अड़ाकर उन्हें रोक लिया।

मारपीट कर छीनी चाबी और नकदी

आरोपियों ने पीड़ित के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की और जबरन उनकी जेब में रखे 11,700 रुपये निकाल लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने पीड़ित की बाइक की चाबी भी छीन ली और उसे सड़क पर फेंककर मौके से तेजी से भाग निकले।

पुलिस जांच में जुटी,खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

घटना के तुरंत बाद पीड़ित अभिजीत सिंह बघेल ने सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके।

नवरात्रि मेले से पहले छोटे व्यापारियों के समर्थन में उतरे कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेश



मैहर। नवरात्रि मेले के करीब आते ही शहर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम को लेकर छोटे दुकानदारों और ठेला संचालकों की चिंता बढ़ गई है। इस मुद्दे पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई 'रोमी' ने प्रशासन से अपील की है कि व्यवस्था के नाम पर गरीबों की रोजी-रोटी न छीनी जाए। धर्मेश घई ने कहा कि मैहर एक प्रमुख धार्मिक नगरी है,जहां लाखों श्रद्धालु आते हैं। यातायात नियंत्रण जरूरी है,लेकिन वर्षों से ठेला चलाकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले गरीबों को हटाना उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि यदि सड़क से अतिक्रमण हटाया जा रहा है,तो छोटे दुकानदारों के लिए वैकल्पिक वेंडिंग जोन या निर्धारित स्थान की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि केवल लाड़ली बहना योजना की 1500 की राशि से पूरे परिवार का खर्च नहीं चल सकता। चुनाव के समय गरीबों को याद किया जाता है,लेकिन बाद में उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है।उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि शहर में व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ गरीब परिवारों के रोजगार को सुरक्षित रखने का स्थायी समाधान निकाला जाए।

गांधी जयंती पर मानवाधिकार परिषद ने लिया सत्य, अहिंसा और न्याय का संकल्प



सतना। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर मानवाधिकार परिषद,जिला सतना द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय वरिष्ठ प्रभारी डॉ. बी.एल.द्विवेदी के सतना आगमन पर जिला अध्यक्ष अरुणेंद्र तिवारी,जिला सचिव अभिनव सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। तत्पश्चात, डॉ. द्विवेदी ने परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ सिविल लाइन स्थित बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों को गांधी जी के विचारों को आत्मसात करते हुए सत्य,अहिंसा,मानवता,न्याय और भाईचारे के मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया गया।इस दौरान समाज में मानवाधिकारों और जागरूकता को मजबूत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संगठन सचिव नीरज राज,जिला उपाध्यक्ष त्रिपाठी,बालेंद्र सिंह,एवं महिला विंग उपाध्यक्ष श्रीमती पांडेय सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जनपद पंचायत मैहर में 'सेवा सेतु शिविर' हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ



मैहर। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत मैहर में शनिवार को सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल और एडीएम रोशन राय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर हितग्राहियों से सीधे संवाद किया। सांसद गणेश सिंह ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना,पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना,लाड़ली लक्ष्मी, संबल,पीएम आवास और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि शिविर के माध्यम से नामांतरण,बंटवारा और सीमांकन जैसे राजस्व मामलों का भी एक ही स्थान पर त्वरित निराकरण किया जा रहा है।



खबर संक्षेप

सड़कों की बदहाली को लेकर अब पवई विधानसभा के हालात सोशल मीडिया में हो रही बयां



पन्ना। जिस तरह से सड़कों को ही विकास का प्रमुख आधार जाना जाता था वहीं आज सड़कें ही विकास की पोल खोल रही है। पवई विधानसभा में सड़कों को लेकर अब लोग सड़कों में ही स्वयं उतरकर सोषल मीडिया के सहारे अपनी पवई विधानसभा की दास्ता को उजागर कर रहे है। किस तरह से विकास की दास्ता है यहां अब सभी के लिए यह उदाहरण है सड़कों से ही प्रतिदिन आवागमन जहां सुविधाजनक माना जाता है वहीं सड़कें ही विकास का प्रमुख आधार मानी जाती है। लेकिन इनकी दास्ता जो आज स्वयं जमीदोज हो चुकी है कैसे इन्हें विकास की रफतार को लेकर आगे गति के लिए जाना जाये। क्या सड़कों को लेकर विकास के जिम्मेदार जिन्हें आम जनता ने जिम्मेदारी जनप्रतिनिधि के रूप में सौंपी है क्या इन सड़कों पर गौर करेगें।

उप चुनाव में राधा को तहसीलदार अजयगढ़ ने सौंपा सरपंच पद का प्रमाण पत्र



पन्ना। अभी हाल में हुए पंचायत उप चुनाव में सरपंच पद के लिए ग्राम पंचायत जिगनी में जो निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई थी जिसके चलते आज समाचार लिखे जाने तक राधा पति मूरत सिंह को सरपंच ग्राम पंचायत जिगनी जनपद पंचायत अजयगढ़ में जहां सरपंच पद का प्रमाण पत्र तहसीलदार अजयगढ़ द्वारा प्रदान किया गया है।

पवई के वरिष्ठ अधिवक्ता पण्डित अरुण कुमार लटोरिया (भैयाजी) का निधन



पवई। पवई के वरिष्ठ अधिवक्ता, समाजसेवी एवं प्रखर वक्ता पं. अरुण कुमार लटौरिया 'भैयाजी' का 82 वर्ष की आयु में गत रात्रि निधन हो गया। वे पिछले लगभग एक माह से अस्वस्थ थे और जबलपुर में उनका उपचार चल रहा था। उनके निधन की खबर से पवई क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पं. लटौरिया लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहे। वे कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में गिने जाते थे। अपनी प्रभावशाली वाक्पटुता और ओजस्वी वक्तृत्व शैली के कारण उन्होंने क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई थी। एक विभिन्न सामाजिक एवं सार्वजनिक विषयों पर उनकी बेबाक और प्रभावी अभिव्यक्ति के लिए जाने जाते थे। भैयाजी ने अपने जीवन में शिक्षा और संस्कारों को विशेष महत्व दिया।

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं ने मोहा मन, भाव-विभोर हुए जेल स्टाफ एवं बंदी

पवई। उपजेल पवई में जेल प्रशासन की विशेष पहल पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी बाल लीलाओं का ऐसा भावपूर्ण वर्णन हुआ कि जेल स्टाफ और बंदी भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। कथा व्यास डॉ. रजनीश शास्त्री ने श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, माखन चोरी और माता यशोदा के वात्सल्य से जुड़े प्रसंगों का रोचक एवं भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान जैसे ही गोकुल की गलियों में नटखट कन्हैया की बाल लीलाओं का प्रसंग आया, पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। माखन चोरी, गोपियों के साथ बाल सखाओं की क्रीड़ाएं और माता यशोदा का वात्सल्य सुनकर उपस्थित जेल स्टाफ एवं बंदी भाव-विभोर हो गए। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के माध्यम से प्रेम, करुणा, सरलता और सकारात्मक जीवन-मूल्यों का संदेश दिया।

स्टेट के समय का अजयगढ़ रेस्ट हाउस जो जिले की शान फिर भी जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते हालात हो रहे बयां

लोक निर्माण विभाग क्या इस रेस्ट हाउस की गंदगी व हालात पर नजर डालेगा

अजयगढ़ रेस्ट हाउस में आये दिन जिले से व्हीआईपी कहीं न कहीं इस रेस्ट हाउस में पहुंचते है फिर भी इस रेस्ट हाउस के हालात लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों ने किस तरह से अपनी लापरवाही के चलते किये है कि जिसका अंदाजा यहां के बाथरूम व शौंचालय के हालात से ही सहज अंदाजा लगता हैं सफाई कोसों दूर वहीं पर्दे तथा रूमों में लगे जाले कौन है जिम्मेदार?







पन्ना। लोक निर्माण विभाग अंतर्गत जिले की अजयगढ़ रेस्ट हाउस की दास्ता बद से बदत्तर होने को लेकर माना जा रहा है। कभी यह स्टेट समय का रेस्ट हाउस जो हमारे जिले की शान कहलाता है फिर भी लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के लापरवाहियों के चलते इस रेस्ट हाउस में यहां के बाथरूम व शौंचालय तथा लगे जाले सफाई को लेकर स्वयं हालात से वाकिब करा रहे है। कहने को तो रेस्ट हाउस में आये दिन व्हीआईपी तथा वरिष्ठ अधिकारी यहां पहुंचते है पर क्या जिम्मेदारों की नजर इस रेस्ट हाउस पर जायेगी। ताकि जो कभी हमारे जिले की शान हुआ करता था वह रेस्ट हाउस आज गंदगी व सफाई को लेकर स्वयं बदहाली को बयां कर रहा है। आखिरकार लोक निर्माण विभाग क्या इस रेस्ट हाउस को ही साफ-स्वच्छ बनाये रखने में उचित कब मानेगा। यह तो अपने आप में स्वयं ही इनकी कार्यप्रणाली को बयां करता है। आखिरकार दास्ता कहीं न कहीं जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली को यह रेस्ट हाउस स्वयं जिसे अपने आप में वरिष्ठों के लिए सूचक बन गया है।

ग्राम बालूपुर नवीन बस्ती में विस्थापित परिवारों की जहां विद्युत व्यवस्था वहीं घर-घर एसडीएम अजयगढ के नेतृत्व में टीम के द्वारा सर्वे प्रक्रिया भी जारी





मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना में प्रभावित विस्थापित परिवारों को लेकर जिस तरह से एक तरफ आंदोलन की राह जो सुर्खियां तो बटोर ही रही है वहीं जिला प्रषासन के मुखिया कलेक्टर पनना व संभागायुक्त सागर के द्वारा जिस तरह से भू-अर्जन अधिकारी व तहसीलदार को वर्तमान हालात में जहां घर-घर सर्वे तथा पात्रों को छूटने न दिया जाये वहीं विद्युत व्यवस्था को बहाल करने की दिषा भी तय की गई साथ ही आंगनवाड़ी व स्कूल को लेकर भी जगह के लिये कार्यवाही को दिया जा रहा अंजाम साथ ही बांध के रिसाव को रोकने के लिये भी एसडीएम के द्वारा दिये गये निर्देश।



पन्ना। जिले में जहां एक तरफ चिता आंदोलन से लेकर जेल तक की राह जहां अमित भगटनागर जो आंदोलन का नेतृत्व मझगांय डेम के डूब क्षेत्र से प्रभावित परिवारों को लेकर लड़ाई जारी थी वहीं वर्तमान में अमित भटनागर के जेल जाने के बाद भी एक तरफ आंदोलन जारी है वहीं कांग्रेस ने भी इस आग को भांप कर तत्काल अपनी लड़ाई प्रभावित के लिये दिखाई है निष्चिततौर पर जहां आगे आने वाला चुनावी वर्ष राजनैतिक दलों के लिये जमीन तैयार करने को लेकर भी जाना जा रहा है। जिसमें अमित भटनागर ने अपनी जमीन को तैयार करने की राह तय की तो वहीं कांग्रेस भी इसमें पीछे नहीं साथ ही पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने भी अपनी राजनैतिक सूझ-बूझ से जो प्रभावित परिवार थे जिन्हें पांच लाख की राषि भू-अर्जन से प्राप्त हुई थी उन पात्र हितग्राहियों को साढे सात लाख का पैकेज दिलाने के लिये प्रदेष सरकार से पहल करके हितग्राहियों को दिलाने में सफल आयाम तय किया पर जमीनी स्थिति आंदोलन की राह जो सतत संघर्ष को लेकर जारी थी जिसमें वर्तमान समय में जिला कलेक्टर व संभागायुक्त सागर संभाग के द्वारा समय-समय पर पात्र हितग्राही कोई छूट न जाये जिसको लेकर भी निर्देष दिये जा रहे है वहीं वर्तमान समय में इस आंदोलन के दौरान संघर्ष भी नजर आया जिसमें कहीं पुलिसबल के द्वारा आंदोलनकारियों के बीच अपनी ताकत भी दिखाई गई तो वहीं कांग्रेस के युवा जांबांज भी पीछे नहीं रहे जो हनुमतपुर टौरिया चौकी में सीधे शोसल मीडिया में थाना प्रभारी अजयगढ से भिड गये वहीं हनुमतपुर चौकी में प्रदेष कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से वीडियो कांलिंग के दौरान बात कराने की दिषा भी तय की पर वर्तमान में एक तरफ आंदोलन अभी भी जारी तो वहीं प्रषासन के द्वारा भू-अर्जन अधिकारी एसडीएम अजयगढ व तहसीलदार अजयगढ के द्वारा जहां बालूपुर नवीन बस्ती में आंगनबाडी व विद्यालय की जमीन का चिन्हांकन तथा विद्युत व्यवसथा की सप्लाई तथा पात्र परिवार कोई छूट न पाये घर-घर सर्वे कराया जा रहा है वहीं इसके अलावा 43 विस्थापित परिवारों के लिए स्वीकृत साढ़े 7 लाख रूपए की अतिरिक्त पुनर्वास राशि की सूची का ग्रामीणों के समक्ष वाचन किया गया। इस दौरान शेष परिवारों से सहमति पत्र व संयुक्त खाता तत्काल सचिव और रोजगार सहायक को देने का आग्रह किया गया, जिससे निर्धारित राशि का भुगतान अविलंब बैंक खातों में किया जा सके। इस तरह से कार्यवाही भी जमीनी तौर पर जारी है।

शाहनगर जनपद पंचायत में लगा जन शिविर

सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के तहत ग्रामीणों को एक ही मंच पर मिलीं कई विभागों की सेवाएं



पन्ना। शाहनगर में मध्यप्रदेश शासन के 'सेवा सेतु अभियानकृसरकार आपके द्वार' के तहत शाहनगर जनपद पंचायत प्रांगण में जन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एक ही मंच पर मौजूद रहे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए उनके निराकरण के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान पंचायत के सरपंच एवं सचिव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन सीधे संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपे।

पेंशन से लेकर विभिन्न योजनाओं का मिला लाभ-

शिविर में पात्र आवेदकों की वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत की गई। वहीं पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय एवं वित्तीय योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की ओर से छात्राओं के लिए 'गांव की बेटी योजना' के पंजीयन की प्रक्रिया भी की गई। इसके अलावा दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए पंजीयन एवं आवेदन लिए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों को पोषण संबंधी दवाओं एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया।

बिजली, कृषि और अन्य विभागों ने लिए आवेदन-

विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिलों के विलंबित भुगतान सहित विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में कृषि, खाद्य, विद्युत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, स्कूल शिक्षा, जल जीवन मिशन, उद्यानिकी, सहकारिता, पशु चिकित्सा, आजीविका मिशन, पीएचईडी, आदिम जाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास, राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों की सहभागिता रही।

एक ही स्थान पर कई विभागों तक पहुंच-

शिविर की प्रमुख विशेषता यह रही कि ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय एक ही स्थान पर संबंधित विभाग के अधिकारियों तक पहुंचने का अवसर मिला। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की। 'सरकार आपके द्वार' पहल के माध्यम से शासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने तथा स्थानीय स्तर पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण की दिशा में कार्रवाई करने का प्रयास किया गया।

नवरात्रि, दशहरा, धनतेरस और दीपावली पर्व को लेकर हुई विस्तृत चर्चा, जुलूस एवं विसर्जन व्यवस्था पर भी विचार-विमर्श

अमानगंज। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर थाना अमानगंज परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी नवरात्रि, दशहरा, धनतेरस एवं दीपावली सहित अन्य पर्वों को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से नवरात्रि के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, देवी प्रतिमाओं की स्थापना, जुलूस तथा विसर्जन को लेकर चर्चा की गई। साथ ही दशहरा पर्व के दौरान निकलने वाले जुलूस एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। धनतेरस एवं दीपावली पर्व को देखते हुए बाजार में बढ़ने वाली भीड़, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, आतिशबाजी तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक सुझाव रखे गए। समिति के सदस्यों ने त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बैठक में प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने सभी से शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से मनाने की अपील की। इस दौरान शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान, मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम एवं सेवा सेतु गतिविधि के तहत ग्राम नचने एवं महेबा में लगा शिविर







गुनौर विधायक ने वितरित किए हितलाभ, ग्रामवासियों से योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करने की अपील

पन्ना। सेवा संकल्प अभियान में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को गुनौर विकासखंड के नचने एवं महेबा में शिविर लगाया गया। महेबा का शिविर पूर्व में पटनातमोली में प्रस्तावित था। दोनों शिविरों में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान कर आवेदन प्राप्त किए गए। इस अवसर पर गुनौर विधायक डॉ. राजेश कुमार वर्मा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा भी लोगों से अधिकाधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में कई सरकारी योजनाओं के पंजीयन सहित हितलाभ वितरित किए गए। इसके अलावा स्वच्छता ही सेवा गतिविधि के तहत सफाई मित्रों का शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान भी किया गया। गुनौर विधायक डॉ. वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक माह तक संचालित सेवा संकल्प अभियान की गतिविधियों में इस जन विश्वास शिविर को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा अभियान की सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार मुख्य गतिविधि के तहत ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में मेगा शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके तहत आम नागरिकों को केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि शिविर के जरिए छोटे कर्मचारियों से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक एवं जनप्रतिनिधि भी गांव-गांव पहुंचकर जनता से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। इन शिविरों में प्राप्त प्रत्येक आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। विधायक ने कहा कि वर्तमान में छोटे-छोटे ग्राम और मजरे तक सड़क निर्माण सहित विकास के अन्य कार्य संचालित हैं। सरकार ने योजनाओं के माध्यम से नागरिकों के जीवन स्तर में बदलाव लाने का कार्य किया है। महिला सशक्तिकरण के लिए भी कई योजनाएं संचालित हैं। गरीब परिवारों को बेटी के जन्म से शिक्षा एवं उच्च शिक्षा सहित विवाह तक आर्थिक रूप से मदद मिल रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना शुरू कर सरकार ने मातृ शक्ति का सम्मान किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब व्यक्तियों के भी स्वयं के पक्के आवास का सपना पूरा हुआ है। सभी योजनाओं में पारदर्शिता के साथ पात्र हितग्राही तक मदद पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जन विश्वास शिविर में जनसंवाद, आवेदन प्राप्ति, निराकरण से लेकर सूचना देने तक का क्रम निर्धारित है। इसलिए इन शिविरों का लाभ जरूर लें। स्वामित्व योजना में सरकार द्वारा हर पात्र व्यक्ति को निःशुल्क रजिस्ट्री की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

आसानी से सुनिश्चित हुई है आम जनता तक शासकीय सेवाओं की पहुंच- कलेक्टर

कलेक्टर ऊषा परमार ने जनसंवाद के जरिए ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को तत्परतापूर्वक निराकरण के निर्देश दिए। मौके पर कई आवेदनों का निराकरण भी किया। साथ ही कहा कि सेवा सेतु अभियान में प्रत्येक नागरिकों तक शासकीय सेवाओं की पहुंच सुलभ हुई है। इसलिए प्रत्येक पात्र नागरिक लाभ लेने के लिए आगे आएं। प्राप्त आवेदनों का 15 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित होगा। आवेदक को इसकी सूचना भी दी जाएगी। इस मौके पर लोगों से प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना में भी अधिकाधिक संख्या में पंजीयन करवाने का आग्रह किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने शिविर के उद्देश्य और रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी अभियान में अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से शासकीय संस्थाओं के संचालन की स्थिति सहित जनता को मिलने वाले लाभ इत्यादि की मॉनिटरिंग की जा रही है। शिविर में आधार बनवाने व अपडेशन की सुविधा भी प्रदान की गई है।

हितग्राहियों ने बयां की योजनाओं की मदद से बदलाव की कहानी-

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान एवं सेवा सेतु अभियान के संयुक्त शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हितग्राहियों ने सरकारी योजनाओं के लाभ से जीवन में आए बदलाव संबंधी जानकारी भी दी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही रमेश वंशकार ने बताया कि स्वयं का पक्का मकान बनने से बेहतर ढंग से जीवनयापन कर रहे हैं। गंज के धनीराम साहू ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय के लाभ सहित परिवार को प्रतिमाह मिलने वाले 25 किलोग्राम खाद्यान्न तथा लाड़ली बहना योजना के लाभों की जानकारी दी। इसी तरह विष्णुप्रसाद मिश्रा ने आचार्य विद्यासागर योजना की मदद से डेयरी व्यवसाय से आए आर्थिक व सामाजिक बदलाव की कहानी बयां की, साथ ही एक लाख 6 हजार रूपए की सब्सिडी के बारे में अवगत कराया, जबकि ग्राम नचने की बालिका पूनम वर्मा ने लाड़ली लक्ष्मी योजना के लाभ से बेहतर अध्ययन एवं उज्ज्वल भविष्य की राह आसान होने पर मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, मानवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य ममता शर्मा, जपं अध्यक्ष जलसी बाई आदिवासी सहित एसडीएम नरेन्द्र सिंह धुर्वे, जपं सीईओ रानू जैन तथा अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी-कर्मचारीगण, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं योजनाओं के लाभार्थी भी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

फार्मर आईडी को लेकर पटवारी और सरपंच पक्ष में विवाद, मारपीट के आरोप; थाने में हुआ राजीनामा

छतरपुर। ओरछा रोड थाना क्षेत्र के देवपुर तिगैला में शनिवार दोपहर फार्मर आईडी बनाने को लेकर पटवारी और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान धामची पटवारी अंकित तिवारी के साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया। घटना की सूचना मिलने पर पटवारी संघ के पदाधिकारी और अन्य पटवारी ओरछा रोड थाने पहुंचे। बताया गया कि फार्मर आईडी नहीं बनाए जाने को लेकर पटवारी अंकित तिवारी और धामची सरपंच पति अनिल यादव पक्ष के बीच विवाद हुआ था। मामला बढने पर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट के आरोप सामने आए। इसके बाद पटवारी संघ की ओर से थाने में शिकायत की बात कही गई, जबकि सरपंच भी अपने ग्रामीण समर्थकों के साथ थाने पहुंचे।
मामले की जानकारी मिलने पर सौरा सर्कल के नायब तहसीलदार रामराजा गुप्ता भी ओरछा रोड थाने पहुंचे। पटवारी संघ के अध्यक्ष अरविन्द्र पटेल ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही संघ के पदाधिकारी और पटवारी थाने पहुंचे थे। वहीं थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि पटवारी पक्ष ने सरपंच पति अनिल यादव पर मारपीट के आरोप लगाए थे।
पुलिस ने दोनों पक्षों से घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी के अनुसार, पुलिस ने पटवारी से शिकायत करने के लिए कहा था, लेकिन दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद समाप्त करने का निर्णय लिया और राजीनामा आवेदन प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज नहीं किया और मामला शांत हो गया।

उद्यानिकी विभाग : अधिकारी मौजूद, फिर भी एक ही ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी राजनगर के भरोसे कई विकासखंड!

योगेश यादव ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी राजनगर का खंडवा की कंपनियों से कथित जुड़ाव और पंप सप्लाई को लेकर उठे सवाल, खेतों का निरीक्षण किए बिना फसल प्रमाणपत्र जारी करने के भी आरोप



छतरपुर।

उद्यानिकी विभाग का काम है कि किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें सब्जी एवं मसाला फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासन की कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसमे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, फल पौध रोपण योजना क़े अलावा और भी योजनाएं संचालित है। इन योजनाओं के तहत किसानों को तकनीकी जानकारी खेती के लिए जरूरी उपकरण और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रावधान है। आरोप है कि उधानिकी विभाग में अधिकारियों की उपलब्धता के बावजूद कई विकासखंडों की जिम्मेदारी अतिरिक्त प्रभार के जरिए संचालित की जा रही है। तो वहीं योगेश यादव राजनगर ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी(RHEO) द्वारा कंपनियों के माध्यम से पंपों की सप्लाई और किसानों को फसल प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

मामला राजनगर विकासखंड में पदस्थ ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी (RHEO) योगेश यादव से जुड़ा है। उनके पास राजनगर के साथ छतरपुर और बिजावर विकासखंड का अतिरिक्त प्रभार भी है। ऐसे में सवाल उठता है कि एक अधिकारी पर कई विकासखंडों की जिम्मेदारी डालने के पीछे विभाग की क्या मजबूरी है और इससे किसानों को मिलने वाली सुविधाओं की निगरानी किस तरह की जा रही है?

कई ब्लॉकों की जिम्मेदारी एक अधिकारी के पास, दूसरे अधिकारियों की भूमिका क्या? -

जानकारी के अनुसार योगेश यादव वर्ष 2020-21 के आसपास खंडवा से स्थानांतरित होकर छतरपुर आए थे। इसके बाद से वह राजनगर विकासखंड में पदस्थ हैं। वर्तमान व्यवस्था में उन्हें राजनगर के अलावा छतरपुर और बिजावर का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। विभाग में इसी पद से जुड़े अन्य अधिकारियों की उपलब्धता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जाता है कि धर्मेंद्र प्रजापति छतरपुर और अनुभव तिवारी बिजावर में संबंधित जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि वर्तमान में उनकी पदस्थापना और कार्यदायित्व क्या हैं तथा उन्हें किन कारणों से संबंधित विकासखंडों की जिम्मेदारी नहीं दी गई। यदि एक अधिकारी को तीन विकासखंडों का काम सौंपा गया है, तो यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि वह किसानों की समस्याओं योजनाओं के निरीक्षण पंप वितरण और अन्य विभागीय कार्यों की नियमित निगरानी कैसे करते हैं। क्या विभाग ने अतिरिक्त प्रभार देने के संबंध में लिखित आदेश जारी किया है? यदि हां, तो उसके पीछे क्या प्रशासनिक कारण बताए गए हैं?

खंडवा की कंपनियों से कथित जुड़ाव, पंप सप्लाई और फर्जी बिलों की जांच जरूरी

उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के तहत किसानों को पंप और अन्य कृषि उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी चर्चा में है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि खंडवा से छतरपुर स्थानांतरण के बाद कुछ कंपनियों के माध्यम से विभागीय कामकाज में जुड़ाव बना रहा। यह भी चर्चा है कि स्थानीय डीलरशिप के जरिए सप्लाई की प्रक्रिया अपनाई गई। स्वर्ण भूमि इंडस्ट्रीज के अलावा कई अन्य कंपनियों द्वारा योजनाओं के तहत किसानों को उपलब्ध कराए गए पंपों की कंपनीवार सूची, सप्लाई आदेश, बिल, भुगतान विवरण और लाभार्थियों की सूची की जांच से वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। यह भी देखा जाना चाहिए कि किसानों को निर्धारित मानकों के अनुसार उपकरण मिले या नहीं और भुगतान वास्तविक आपूर्ति के आधार पर किया गया या नहीं।

फर्जी बिलों के भुगतान की चर्चा, रिकॉर्ड की जांच से खुलेगा मामला -

विभागीय कामकाज को लेकर कथित फर्जी बिलों के भुगतान की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि वास्तव में फर्जी बिल बनाए गए या उनका भुगतान हुआ है। इस संबंध में दस्तावेजी प्रमाण और आधिकारिक जांच जरूरी है।

खेत में फसल, दफ्तर में प्रमाणपत्र! सत्यापन की प्रक्रिया पर सवाल

उद्यानिकी विभाग राजनगर में फसल प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया को लेकर भी शिकायतें सामने आने का दावा किया जा रहा है। सब्जी और मसाला फसलों की खेती करने वाले किसानों को विभिन्न जरूरतों के लिए फसल संबंधी प्रमाणपत्र की आवश्यकता पड़ सकती है। बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) जैसी सुविधाओं के लिए भी संबंधित दस्तावेज उपयोगी हो सकते हैं। हालांकि प्रमाणपत्र का उपयोग और उसकी पात्रता संबंधित बैंक तथा लागू नियमों पर निर्भर करती है।
आरोप है कि कुछ मामलों में किसानों के खेतों में जाकर फसल का सत्यापन करने के बजाय कार्यालय में बैठकर प्रमाणपत्र जारी कर दिए जाते हैं। यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि प्रमाणपत्र जारी करने के नाम पर किसानों से अवैध राशि मांगी जाती है। कुछ समिति प्रबंधकों की ओर से भी खेतों का निरीक्षण किए बिना प्रमाणपत्र दिए जाने पर आपत्ति जताए जाने की बात कही जा रही है। विभागीय गलियारों में किसानों से कथित वसूली और अधिकारियों-कर्मचारियों की गतिविधियों को लेकर भी चर्चाएं होने की बात कही जा रही है। प्रभारी सहायक संचालक उद्यानिकी से उनका पक्ष जानने के लिए दूरभाष पर बात करने का प्रयास किया गया लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया गया।

किसान के घर दिनदहाड़े चोरी कर चोरों ने खंगाला किसान का घर, नकदी-जेवर समेटकर हुए नौ दो ग्यारह

खेत में उड़द फसल काट रहा था परिवार, पीछे से घर का सफाया कर गए चोर,अक्टोहां रोड पर दिनदहाड़े चोरी की वारदात

लवकुशनगर।

लवकुशनगर थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्होंने दिनदहाड़े एक किसान के सूने मकान को निशाना बना लिया। परिवार खेत पर उड़द की फसल काटने गया था, तभी अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। चोर अलमारी और तिजोरी खंगालकर नकदी, सोने-चांदी के जेवरात और कीमती सामान चोरी कर ले गए। शाम को घर लौटे परिवार को टूटा ताला और बिखरा सामान मिला। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

परिवार खेत पर, पीछे से तोड़ दिए ताले

जानकारी के अनुसार, अक्टोहा रोड निवासी किसान राजू कुशवाहा शुक्रवार को अपने परिवार के साथ खेत पर उड़द की फसल काटने गए थे। घर पर ताला लगा हुआ था और कोई सदस्य मौजूद नहीं था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और मकान के अंदर दाखिल हो गए।

अलमारी और तिजोरी खंगाली, नकदी-जेवर लेकर फरार -

घर के अंदर घुसे चोरों ने कमरों में रखी अलमारियों और तिजोरी के ताले तोड़ दिए। इसके बाद नकदी, सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान समेट लिया। चोर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। घर



में सामान बिखेरकर चोरों ने परिवार को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। हालांकि, चोरी गए सामान की कुल कीमत और नकदी की वास्तविक राशि की जानकारी सामने नहीं आई है।

शाम को घर लौटे तो टूटा मिला ताला -

शाम को जब राजू कुशवाहा परिवार के साथ खेत से घर लौटे, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखकर हैरान रह गए। अंदर पहुंचने पर अलमारियां खुली मिलीं और सामान फर्श पर बिखरा पड़ा था। तिजोरी से नकदी और जेवर गायब देखकर परिवार के होश उड़ गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य -

सूचना मिलने पर लवकुशनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए शनिवार को डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए, ताकि आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिल सके। पुलिस अज्ञात चोरों की पहचान और चोरी की वारदात का खुलासा करने के लिए जांच में जुटी है।

मोबाइल छीनने में नाकाम बाइक सवारों ने युवती से की अभद्रता, बैंक से नकदी चोरी और महिलाओं के मंगलसूत्र झपटने की घटनाएं भी आईं सामने

नौगांव में बेखौफ बदमाश, लूट-झपटमारी की लगातार वारदातों से बढ़ी चिंता

नौगांव।

शहर में पिछले कुछ सप्ताह से लूट और झपटमारी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कभी बैंक के बाहर रुपए से भरा बैग चोरी हो जाता है तो कभी महिलाओं के गले से मंगलसूत्र झपट लिया जाता है। वृद्ध से नकदी छीनने और मोबाइल लूटने की घटनाओं के बाद अब बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला का मोबाइल छीनने का प्रयास किया। मोबाइल छीनने में नाकाम होने के बाद बदमाशों पर आगे जा रही एक युवती के साथ अभद्रता करने का आरोप है। लगातार हो रही घटनाओं से शहर में लोगों की चिंता बढ़ रही है और पुलिस की गश्त पर सवाल उठ रहे हैं।

मोबाइल छीनने में नाकाम रहे बदमाश -

शुक्रवार शाम करीब 6 से 6:30 बजे के बीच स्टेडियम के पीछे शंकरजी मंदिर और कृष्णा बिहार कॉलोनी तिराहे के बीच यह घटना हुई। बंटा सेठ चौराहा निवासी शकुंतला मिश्रा लोगों के घरों में खाना बनाने का काम करती हैं। शुक्रवार शाम वह एक घर में खाना बनाकर अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उनके पास पहुंचे। बाइक पर पीछे बैठे युवक ने उनके हाथ से कीपैड मोबाइल छीनने का प्रयास किया। शकुंतला मिश्रा ने मोबाइल को कसकर पकड़ लिया, जिससे युवक फोन छीनने में सफल नहीं हो सके। इसके बाद दोनों युवक बाइक से आगे बढ़ गए। आरोप है कि कुछ दूरी पर सामने से आ रही एक युवती के साथ उन्होंने अभद्रता की और उसके सीने पर हाथ मारकर फरार हो गए। घटना को आसपास मौजूद लोगों द्वारा देखे जाने की बात सामने आई है।

सामाजिक बदनामी के डर से नहीं की शिकायत -

बताया गया है कि घटना के बाद संबंधित महिलाओं ने सामाजिक बदनामी और परिवार के डर से पुलिस में शिकायत नहीं की। इसके चलते फिलहाल मामले में लिखित शिकायत मिलने की जानकारी सामने नहीं आई है। शिकायत नहीं होने के कारण घटना के संबंध में पुलिस की कार्रवाई की स्थिति भी स्पष्ट नहीं है।

कुछ सप्ताह में सामने आईं लूट-झपटमारी की कई घटनाऐं -

यूनियन बैंक से 75 हजार रुपए निकालकर आए राकेश मिश्रा ने रकम बैग में रखकर अपनी गाड़ी की डिक्की में रखी थी। इसी दौरान बैंक के अंदर से पीछा कर रहे एक युवक ने बैग निकाल लिया और सड़क के दूसरी ओर बाइक पर मौजूद साथियों के साथ फरार हो गया।

2 सितंबर : बुजुर्ग महिला का मंगलसूत्र झपटा -

मनसा देवी मंदिर के पास 60 वर्षीय उमा राय के गले से बाइक सवार बदमाश करीब छह ग्राम वजन का मंगलसूत्र झपटकर भाग गए थे। इस दौरान महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई थीं।

12 सितंबर : क्लिनिक कर्मचारी का मोबाइल छीना -

पुराने सिविल अस्पताल के पास डॉ. केपी त्रिपाठी के क्लिनिक में काम करने वाले अनिल रायकवार रात करीब साढ़े आठ बजे घर लौट रहे थे। गर्ल्स स्कूल चौराहे के पास बालाजी मोबाइल के नजदीक बाइक सवार दो युवकों ने उनका मोबाइल छीन लिया। उन्होंने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे भाग निकले। इसके बाद अनिल ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। मंशा देवी मंदिर से पूजा कर लौट रही एक महिला के गले से मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे परियोजना कार्यालय के सामने मंगलसूत्र झपट लिया गया था। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हुए और पुलिस को सूचना दी गई थी। लेबर चौक पर कीरतपुरा निवासी सुखपाल कुशवाहा को अपाचे बाइक सवार दो युवकों ने जबरन बाइक पर बैठाने का प्रयास किया। वृद्ध के शोर मचाने पर बदमाशों ने झीना-झपटी करते हुए उनकी जेब से करीब साढ़े तीन हजार रुपए छीन लिए और भाग गए। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी।

गश्त बढ़ाने और बदमाशों पर कार्रवाई की जरूरत

शहर में बैंक, मंदिर, चौराहों और बाजार के आसपास लगातार सामने आ रही घटनाओं से लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता है। कई वारदातों में बाइक सवार बदमाशों के शामिल होने की बात सामने आई है। ऐसे में संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की गश्त बढ़ाने, संदिग्ध बाइक सवारों की जांच करने और सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने की जरूरत है।

बेटी अंतरा जैन ने किया नगर का नाम रोशन, फुटबॉल में राज्य स्तर पर हासिल किया तीसरा स्थान

लवकुशनगर। नगर कि बेटी अंतरा जैन ने अपनी प्रतिभा से नगर का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। अंतरा ने राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे नगर में खुशी की लहर है। अंतरा बचपन से ही फुटबॉल की अच्छी खिलाड़ी रही हैं। अपने अथक परिश्रम, लगन और माता-पिता के सहयोग से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। अंतरा के पिता सुशील जैन एक व्यवसायी हैं और माता गृहिणी हैं। दोनों ने हमेशा बेटी को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। अंतरा वर्तमान में लवकुशनगर के एक निजी स्कूल की कक्षा 8वीं की छात्रा हैं। उनकी इस सफलता पर विद्यालय परिवार, नगर के गणमान्य नागरिकों और खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

छतरपुर में गिट्टी से भरे ट्रैक्टर की चपेट में आया बाइक सवार, 20 वर्षीय युवक की मौत

छतरपुर।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में होमगार्ड पेट्रोल पंप के पास शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गिट्टी से भरे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार 20 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

मृतक की पहचान मोहम्मद फैजान पिता सिराज, उम्र 20 वर्ष, निवासी बाराबंकी, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। हादसे के बाद



घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल गिट्टी से भरे ट्रैक्टर को पकड़कर थाने में खड़ा कराया है। वहीं मृतक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुरानी रंजिश में युवक पर बेल्ट-लाठी से जानलेवा हमले का आरोप, एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

छतरपुर।



लवकुशनगर के वार्ड नंबर 13 निवासी शान्तनु सिंह ने जिला पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। शिकायत में उन्होंने पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों पर घर में घुसकर धमकी देने और 1 अक्टूबर की शाम बेल्ट व लाठी-डंडों से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। शान्तनु का आरोप है कि मामले में राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई।
शिकायत के अनुसार करीब आठ वर्ष पहले स्कूल के समय शान्तनु के बड़े भाई सौरभ सिंह का अगम अवस्थी से विवाद हुआ था, जिसका बाद में समझौता हो गया था। आरोप है कि इसके बाद अगम अवस्थी के चाचा लखन अवस्थी अपने एक साथी के साथ पिस्तौल लेकर शान्तनु के घर पहुंचे और जान से मारने की धमकी दी। वहीं, बाद में शासकीय कॉलेज लवकुशनगर के पीछे सौरभ सिंह के साथ मारपीट और गोली मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।
शान्तनु के मुताबिक, घटना की शिकायत लेकर थाने पहुंचने पर केवल आवेदन लेकर छोड़ दिया गया। उनका आरोप है कि राजनीतिक रसूख के कारण मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने 15 मार्च 2026 को छतरपुर पहुंचकर एसपी को भी आवेदन दिया था।



सेवा सेतु अभियान के तहत मेला ग्राउंड में लगा शिविर, 18 विभागों ने लगाए स्टॉल

छतरपुर। सेवा सेतु अभियान 'सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत छतरपुर द्वारा मेला ग्राउंड में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां लोगों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। शिविर के दौरान संबल योजना, लैपटॉप एवं स्कूटी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आम नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याओं तथा योजनाओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विधायक ललिता यादव, जनपद पंचायत सीईओ, एसडीएम राजलल्लन बागरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीएम राजलल्लन बागरी ने बताया कि 'सेवा सेतु अभियान—सरकार आपके द्वार के तहत जनपद स्तर पर सभी विभागों के स्टॉल लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाएगा।

कोठी चौराहे पर रात 2 बजे 15-20 लोगों के साथ जेसीबी से दुकान तोड़ने का आरोप

आधी रात जेसीबी से मेडिकल दुकान में तोड़फोड़

नौगांव।

शहर के कोठी चौराहे पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे भारत मेडिकल स्टोर में जेसीबी से तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। मेडिकल संचालक मोहम्मद शफीक अंसारी ने पुलिस थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि 15-20 लोग जेसीबी लेकर दुकान पर पहुंचे और करीब 20 मिनट तक दुकान के शटर और हिस्से में तोड़फोड़ की। संचालक ने दुकान में रखी नकदी, महंगी दवाइयों, फ्रिज, डीप फ्रीजर और कूलर को नुकसान पहुंचने का आरोप लगाते हुए लाखों रुपए की क्षति बताई है। संचालक के अनुसार, रात में उन्हें सूचना मिली कि उनकी दुकान जेसीबी से तोड़ी जा रही है। इसके बाद वे मौके पर पहुंचे तो दुकान का शटर और एक हिस्सा क्षतिग्रस्त मिला। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी और थाने में लिखित आवेदन देकर मामले की जांच व कार्रवाई की मांग की। सबसे बड़ा सवाल यह है कि घटनास्थल कोठी चौराहे पर है, जो नौगांव-छतरपुर मार्ग का प्रमुख और व्यस्त इलाका और चौराहे पर मेडिकल स्टोर के सामने ही पुलिस चौकी भी है, इसके



अलावा रात में पुलिस की गश्त का प्वाइंट भी है। ऐसे में आधी रात जेसीबी पहुंचने और करीब 20 मिनट तक तोड़फोड़ किए जाने के आरोप से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। चर्चा है कि यदि मामला मकान मालिक और किरायेदार के बीच विवाद का था तो दुकान खाली कराने या संपत्ति विवाद के लिए कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा सकती थी। ऐसे में रात के समय जेसीबी से तोड़फोड़ किए जाने की परिस्थितियां जांच का विषय हैं।
मेडिकल संचालक शफीक अंसारी ने बताया कि घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज अभी सामने नहीं आ रहे हैं। उनका कहना है कि घटना के बाद उन्होंने आसपास के दुकानदारों से फुटेज के बारे में पूछा। इस दौरान अलग-अलग दुकानदारों की ओर से अलग-अलग जवाब मिले। संचालक के अनुसार, किसी दुकानदार ने कहा कि कैमरे खराब हैं, किसी ने कैमरे बंद होने की बात कही, जबकि किसी अन्य दुकानदार ने कहा कि उसके कैमरे में मेडिकल दुकान दिखाई ही नहीं देती। संचालक का कहना है कि रात में हुई घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए आसपास लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग महत्वपूर्ण हो सकती है।

टीआई बोले- मकान मालिक और किरायेदार के बीच विवाद -

नौगांव थाना प्रभारी संजय राय के अनुसार मामला मकान मालिक और किरायेदार के बीच दुकान खाली कराने और भवन के नवनिर्माण से जुड़ा है। पुलिस के मुताबिक पूरी बिल्डिंग खाली कराकर नया निर्माण कराया जाना है। अन्य किरायेदार और बैंक जगह खाली कर चुके हैं, जबकि मेडिकल दुकान खाली नहीं की गई थी। टीआई के अनुसार, इसी विवाद के बीच प्रॉपर्टी मालिक की ओर से दुकान के हिस्से को जेसीबी से क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक जेसीबी और वहां मौजूद लोग जा चुके थे। मेडिकल संचालक बाद में थाने पहुंचे और लिखित आवेदन दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
मेडिकल संचालक ने दुकान की मिल्कियत को लेकर भी दावा किया है। उनका कहना है कि उन्होंने करीब 7 लाख रुपए में दुकान खरीदी थी। हालांकि, जिन प्रमुख मालिक से सौदा हुआ था, उनकी मृत्यु हो जाने के कारण रजिस्ट्री नहीं हो सकी। संचालक के मुताबिक सौदे के दौरान करीब एक लाख रुपए बैंक के माध्यम से ट्रांसफर किए गए थे। दुकान की खरीद-बिक्री से जुड़े इस दावे की पुष्टि संबंधित दस्तावेजों की जांच के बाद ही हो सकेगी।

खबर संक्षेप



सांसद पुत्र अंकुर मिश्रा ने जीता हिनौता सरपंच का उपचुनाव

रीवा। त्रि-स्तरीय पंचायत उपचुनाव के तहत सिरमौर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हिनौता में हुई मतगणना में अंकुर मिश्रा पिता जनार्दन प्रसाद मिश्रा ने अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर शानदार जीत हासिल की है। जीत के बाद रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उन्हें निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।प्रमाण पत्र मिलते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों और समर्थकों ने फूल मालाओं से लादकर अंकुर मिश्रा का जगह जगह जोरदार स्वागत किया।जीत के जश्न में पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला।इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और समर्थक मौजूद रहे। जीत के बाद नवनिर्वाचित सरपंच अंकुर मिश्रा ने कहा कि यह जीत मेरी नहीं, बल्कि पूरे गांव की जनता के विश्वास की जीत है।उन्होंने कहा कि पंचायत के विकास के लिए सभी को साथ लेकर काम करूंगा और शासन की योजनाओं को हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। गांव के हर वार्ड का समान रूप से विकास कराया जाएगा।उल्लेखनीय है कि नवनिर्वाचित सरपंच अंकुर मिश्रा रीवा के सांसद जनार्दन मिश्रा के पुत्र हैं। उनकी जीत पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बधाई दी है।

युवक का बैंक खाता हैक कर 64 हजार किये पार

कटनी। कैमोर थाना क्षेत्र में अज्ञात साइबर ठग ने एक युवक को झांसे में लेकर उसके बैंक खाते से 64,000 रूपये की चपत लगा दी। पीड़ित अंकित कुमार बर्मन 25 वर्ष निवासी नन्हवाराकला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात आरोपी ने छल-कपट और धोखाधड़ीपूर्वक उनके बैंक खाते से अनधिकृत रूप से रुपये निकाल लिए। पीड़ित को खाते से पैसे कटने का पता चलते ही उसने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। कैमोर पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

विधायक ने अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

सेवा सेतु शिविर में 269 आवेदन, 54 का मौके पर निराकरण







आयुष्मान-आधार कार्ड, ई-केवाईसी और स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी मिली,

रीवा। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में 3 और 4 अक्टूबर को आयोजित किए जा रहे सेवा सेतु शिविरों की कड़ी में त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मझिगवां में सेवा सेतु एवं जनविश्वास शिविर लगाया गया। हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में आयोजित शिविर का शुभारंभ त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने किया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों पर सुनवाई के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए विभागवार स्टॉल लगाए गए। शिविर में विधायक सिद्धार्थ तिवारी और प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ सृष्टि देशमुख ने आमजन के 269 आवेदन पत्रों पर सुनवाई की। इनमें से 54 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजते हुए नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शिविर में प्राकृतिक दुर्घटनाओं में असमय जान गंवाने वाले आठ व्यक्तियों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए। इसके अलावा पात्र हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड और अनुग्रह सहायता राशि का वितरण भी किया गया। ग्रामीणों की सुविधा के लिए शिविर में स्वास्थ्य केंद्र की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई। आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ई-केवाईसी अपडेट करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में ग्रामीणों ने बिजली, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं विधायक के सामने रखीं। विधायक ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए स्वास्थ्य संबंधी मामलों में बीएमओ को आवश्यक उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बिजली व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों पर कार्यपालन यंत्री विद्युत मंडल को व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए गए। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ सृष्टि देशमुख ने कहा कि शिविर में आमजन से प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में जिला पंचायत सदस्य गीता माझी, जनपद अध्यक्ष मीनू कोल, उपाध्यक्ष अंजना सिंह, जनपद सदस्य एवं सरपंचगण, एसडीएम त्योंथर राकेश चौरसिया, जनपद सीईओ प्रवीण बसोड़ सहित जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

गांव तक पहुंचकर योजनाओं का लाभ देना उद्देश्य

विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि सेवा सेतु शिविर लगाने का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाना पड़े, बल्कि शासन और प्रशासन उनके गांव तक पहुंचे। शिविर के माध्यम से लोगों के आवेदन लिए जा रहे हैं और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। सरकार गरीब, मजदूर, महिला और कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। संबल योजना के तहत मजदूर की असमय मृत्यु होने पर परिवार को चार लाख रुपए की सहायता दी जा रही है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को सालाना पांच लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा मिल रही है। लाड़ली बहना और लाड़ली लक्ष्मी जैसी योजनाओं से महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

त्योंथर को हर दृष्टि से विकसित करने का संकल्प

विधायक ने कहा कि त्योंथर उनके बाबा श्रीनिवास तिवारी का कार्यक्षेत्र रहा है। क्षेत्र की जनता ने उनके नाती को भी सेवा का अवसर और आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि त्योंथर को हर दृष्टि से विकसित और समृद्ध बनाने के लिए प्रयास जारी हैं। त्योंथर मध्यप्रदेश का प्रदेश द्वार है और क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं तैयार हो रही हैं। उन्होंने बताया कि त्योंथर में 400 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। मीरबहरी पुल का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि क्षेत्र को आईटीआई की सौगात भी मिली है। विधायक ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही।

उचित मूल्य दुकान से उप स्वास्थ्य केंद्र तक निरीक्षण

सेवा सेतु शिविर के साथ अधिकारियों ने क्षेत्र की विभिन्न व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उचित मूल्य दुकान, हाई स्कूल, पंचायत कार्यालय और उप स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया। शिविर में जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी विभागवार स्टॉल पर मौजूद रहे। इसके साथ ही रोजगार और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देने के लिए उद्यम संवाद का आयोजन भी किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी।

करोड़ों के बंगलों वाली श्रीजी वृंदावन कॉलोनी में फिर चोरी, दो घरों में वारदात



सीसीटीवी में संदिग्ध कैद, पिछले साल की चोरियों का भी नहीं हुआ खुलासा

रीवा। शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र की पॉश श्रीजी वृंदावन कॉलोनी में एक बार फिर चोरी की वारदात सामने आने से रहवासियों में हड़कंप है। पिछले दिनों कॉलोनी में दो घरों को चोरों ने निशाना बनाया। इनमें से एक मकान का ताला तोड़कर चोर करीब 10 से 15 लाख रुपए की संपत्ति ले गए। वारदात के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज भी जप्त किए थे,फुटेज में संदिग्ध आरोपी नजर आया था,लेकिन पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। शहर की महंगी और प्रतिष्ठित कॉलोनियों में शामिल श्रीजी वृंदावन कॉलोनी में न्यायिक अधिकारियों से लेकर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रथम श्रेणी के अधिकारी निवास करते हैं। यहां कई बंगलों की कीमत करोड़ों रुपए में बताई जाती है। इसके बावजूद लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रहवासियों का कहना है कि महंगे मकान और बेहतर कॉलोनी होने के बावजूद सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। रहवासियों के अनुसार कॉलोनी में पिछले वर्ष भी कई घरों में चोरी की वारदातें हुई थीं। उन मामलों में भी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराए गए थे। बावजूद इसके लंबे समय बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से रहवासियों में नाराजगी है। अब ताजा वारदात के बाद पुराने मामलों का मुद्दा भी फिर चर्चा में आ गया है।

दो-तीन दिन पहले फिर टूटे ताले

बताया जा रहा है कि करीब दो-तीन दिन पहले कॉलोनी के एक मकान को चोरों ने निशाना बनाया। घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर लाखों रुपए का सामान लेकर फरार हो गए। प्रारंभिक तौर पर चोरी गई संपत्ति की कीमत करीब 10 से 15 लाख रुपए बताई जा रही है। इसी दौरान कॉलोनी के एक अन्य मकान में भी चोरी की वारदात सामने आने की जानकारी है। हालांकि चोरी गए सामान और रकम का वास्तविक आकलन पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

एक साल से फरार शराब तस्करी का आरोपी गिरफ्तार



रीवा। शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र की नौबस्ता चौकी पुलिस ने आबकारी एक्ट के मामले में करीब एक साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी चोरहटा पवन शुक्ला और चौकी प्रभारी नौबस्ता घनश्याम मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम फरार आरोपी की तलाश कर रही थी। मामला 17 अक्टूबर 2025 का है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कौआढान में एक बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 19 जेडजी 8860 में अवैध रूप से शराब रखी गई है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहन की जांच की। तलाशी के दौरान बोलेरो से 60.500 लीटर अंग्रेजी एवं देशी शराब बरामद हुई थी। शराब जब्त करने के बाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 545/25, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले में एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर चुकी थी, जबकि दूसरा आरोपी अनूप सिंह घटना के बाद से फरार था। पुलिस के मुताबिक फरार आरोपी की तलाश लगातार की जा रही थी। इसी दौरान 2 अक्टूबर को पुलिस को आरोपी के संबंध में मुखबिर से सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अनूप सिंह पिता स्व. रामपाल सिंह, उम्र 52 वर्ष, निवासी ग्राम पतौड़ा, थाना कोटर, जिला सतना को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर माननीय न्यायालय में पेश किया।

सीट बेल्ट नहीं लगाई तो कटेगा चालान, हाईवे पर यातायात पुलिस की सख्ती, 83 वाहनों का कटा चालान

रीवा। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर जिले में वाहन चेकिंग एवं जनजागरूकता का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शनिवार को यातायात पुलिस रीवा ने नेशनल हाईवे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक 10 दिवसीय विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा चार पहिया वाहन चालकों और यात्रियों को सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।शनिवार को यातायात पुलिस की टीम ने नेशनल हाईवे पर वाहनों की जांच की। चेकिंग के दौरान चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले कुल 83 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 41,500 रुपए का समन शुल्क वसूल किया। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों को समझाइश दी गई कि वाहन चलाते समय स्वयं सीट बेल्ट लगाएं और वाहन में बैठे अन्य यात्रियों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

दूषित पानी की सप्लाई पर जनता का फूटा गुस्सा, कमिश्नर बंगले के बाहर बैठकर किया संकीर्तन

वार्ड 10 से 14 में गंदे पानी की शिकायत



रीवा। शहर के कई वार्डों में दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत को लेकर शनिवार को नागरिकों का आक्रोश सामने आया। लंबे समय से गंदे पानी की सप्लाई से परेशान लोगों ने नगर निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। एडवोकेट मानवेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में स्थानीय नागरिक नगर निगम आयुक्त के आवास के सामने पहुंचे और वहीं बैठकर सीताराम संकीर्तन करते हुए भजन-कीर्तन के जरिए अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वार्ड क्रमांक 10, 11, 12, 13 और 14 में पिछले कई दिनों से साफ पेयजल की जगह गंदा और दूषित पानी घरों तक पहुंच रहा है। नागरिकों के मुताबिक पानी की स्थिति ऐसी है कि उसका उपयोग पीने के लिए तो दूर, नहाने और कपड़े धोने में भी परेशानी हो रही है। लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती गई। प्रदर्शन के दौरान नागरिकों ने नगर निगम की जलापूर्ति व्यवस्था पर सवाल उठाए। उनका आरोप था कि पानी की टंकियों की नियमित सफाई नहीं होने और फिल्ट्रेशन व्यवस्था प्रभावी नहीं होने के कारण लोगों को दूषित पानी मिल रहा है। नागरिकों ने कहा कि जलकर की वसूली नियमित रूप से की जाती है, लेकिन इसके बदले गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने में लापरवाही बरती जा रही है। आंदोलनकारियों ने कहा कि कई बार नगर निगम के अधिकारियों तक समस्या पहुंचाई गई, लेकिन जब अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें मजबूर होकर प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा। उनका कहना था कि पेयजल सीधे लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है, इसलिए इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कमिश्नर बंगले के बाहर नागरिकों के जुटने और संकीर्तन शुरू होने की सूचना के बाद प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए हुजूर तहसीलदार यतीश शुक्ला और पीएचई के प्रभारी कार्यपालन यंत्री रवि तिवारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और पेयजल समस्या के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद नागरिकों ने फिलहाल अपना सांकेतिक धरना स्थगित कर दिया। हालांकि प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में समस्या का समाधान नहीं हुआ और मौके पर सुधार दिखाई नहीं दिया तो आंदोलन दोबारा शुरू किया जाएगा।

युवक का बैंक खाता हैक कर 64 हजार किये पार

कटनी। कैमोर थाना क्षेत्र में अज्ञात साइबर ठग ने एक युवक को झांसे में लेकर उसके बैंक खाते से 64,000 रूपये की चपत लगा दी। पीड़ित अंकित कुमार बर्मन 25 वर्ष निवासी नन्हवाराकला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात आरोपी ने छल-कपट और धोखाधड़ीपूर्वक उनके बैंक खाते से अनधिकृत रूप से रुपये निकाल लिए। पीड़ित को खाते से पैसे कटने का पता चलते ही उसने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। कैमोर पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद से संबंधित बैंक खाते और ट्रांजैक्शन डिटेल्स खंगाल रही है।

स्टाइपेंड में भेदभाव के खिलाफ छात्र

जूडा डॉक्टरों का आंदोलन, रीवा से शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल



रीवा। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालयों में इंटर्न और अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के स्टाइपेंड में कथित विसंगति को लेकर एक बार फिर विरोध शुरू हो गया है। एलोपैथी इंटर्न के समान स्टाइपेंड दिए जाने की मांग को लेकर रीवा के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के अंतिम वर्ष और इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। विद्यार्थियों का कहना है कि समान स्तर पर चिकित्सा प्रशिक्षण लेने के बावजूद स्टाइपेंड में बड़ा अंतर रखा जा रहा है, जिसे वे भेदभाव मानते हैं। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडा) आयुर्वेद कॉलेज रीवा के अध्यक्ष डॉ. मयंक त्रिपाठी के नेतृत्व में शुरू हुए आंदोलन में विद्यार्थियों ने स्पष्ट किया है कि उनकी मांग केवल स्टाइपेंड बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि एलोपैथी और आयुर्वेद इंटर्न के बीच स्टाइपेंड की समानता लागू करने की है। आंदोलनकारी छात्रों के अनुसार एलोपैथी इंटर्न को वर्तमान में 21,500 प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जा रहा है, जबकि आयुर्वेद इंटर्न को करीब 9,383 प्रतिमाह मिल रहे हैं। छात्रों का कहना है कि प्रशिक्षण और इंटर्नशिप के दौरान अस्पतालों में सेवाएं देने की जिम्मेदारी निभाने के बावजूद दोनों वर्गों के स्टाइपेंड में इतना बड़ा अंतर उचित नहीं है। जूडा अध्यक्ष डॉ. मयंक त्रिपाठी ने कहा कि आयुर्वेद के अंतिम वर्ष और इंटर्नशिप के विद्यार्थी लंबे समय से स्टाइपेंड में समानता की मांग उठा रहे हैं। उनके मुताबिक, जब तक दोनों पद्धतियों के इंटर्न के स्टाइपेंड में समानता नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

एक रुपया भी कम मंजूर नहीं

आंदोलनकारी छात्रों ने इस बार अपनी मांग को लेकर स्पष्ट रुख अपनाया है। उनका कहना है कि सरकार की ओर से यदि स्टाइपेंड में संशोधन किया जाता है तो वह एलोपैथी इंटर्न के समान 21,500 प्रतिमाह होना चाहिए। छात्रों ने स्पष्ट किया है कि इससे कम राशि का आदेश उन्हें स्वीकार नहीं होगा।



अखंड सौभाग्य और सुख समृद्धि की कामना को लेकर महिलाओं ने रखा महालक्ष्मी व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

श्राद्ध पक्ष अष्टमी तिथि पर हाथी अष्टमी का पर्व यानि महालक्ष्मी व्रत तहसील क्षेत्र मे शनिवार को आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओ द्वारा अखंड सौभाग्य, सुख समृद्धि व अपने परिवार को धन्य धान से परिपूर्ण करने की मनोकामना पूर्ति के लिए व्रत किया गया। शनिवार को सर्वप्रथम सूर्योदय के समय स्नान आदि करके पूजा का संकल्प किया गया। संकल्प के बाद एक सफेद डोरे मे 16 गठान लगाकर उसे हल्दी से पीला किया गया और फिर उसे महिलाओ द्वारा अपनी कलाई पर बांधा गया। पूजन के वक़्त एक पटे पर रेशमी कपड़ा बिछाया गया और अष्टदल बनकर उस पर अक्षत डाले और जल से भरा कल और श्रीयंत्र, दशिणावर्ती शंख, स्थापित किया गया।वही हल्दी से कमल बनाकर उसपर हाथी पर बैठी माता लक्ष्मी की प्रतिमा विराजित की गई।महिलाओं के द्वारा उत्तर दिशा की ओर मुख करके मां लक्ष्मी के आठ रूपों की आराधना की गई।

मां लक्ष्मी को आभूषण पहनाएं। कमल के पुष्प, अक्षत, चंदन, लाल सूत, सुपारी, नारियल से मां लक्ष्मी की पूजा की गई।वही सफेद रंग की चीजों का भोग अर्पित किया गया। महालक्ष्मी व्रत की कथा पढ़ी गई और फिर गाय के शुद्ध घी के दीपक से मां लक्ष्मी की आरती की गई। इसके बाद व्रत का उद्यापन किया गया। महालक्ष्मी व्रत को लेकर घरो व मंदिरों में विविध आयोजन हुए।